बिहार सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

E-Mail **संचिका सं0**–03/भू0अ0नि0 (7) अपील–05/2025..7306....... **पटना, दिनांक** :– 05/12/2025

आदेश

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश ज्ञापांक 1972 दिनांक 02.05.2025 के विरुद्ध अपीलार्थी मो0 फैजान हैदर (Emp. ID No.- AEN12028), संविदा समाप्त विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया द्वारा "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 एवं संशोधन नियमावली, 2022 के नियम–8 (4)" में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत प्रस्तुत अपील दायर किया गया है।

निर्धारित तिथि एवं समय पर अपील की सुनवाई की गयी।

उभय पक्ष उपस्थित।

अपीलार्थी का वाद संक्षिप्त रूप में निम्नवत है :–

बंदोबस्त पदाधिकारी, गया जी के पत्रांक 554/बंदो दिनांक 07.10.2024 द्वारा अपीलार्थी के विरूद्ध दिनांक 21.08.2024 स अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, स्पष्टीकरण का प्रतिउत्तर समर्पित नहीं किए जाने एवं कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास करने किए जाने के बावजूद फोन नहीं उठाये जाने संबंधी कतिपय आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी।

प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में निदेशालय पत्रांक 14558 दिनांक 12.12.2024 द्वारा इनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी, जिसका प्रतिउत्तर इनके द्वारा समर्पित किया गया। स्पष्टीकरण में इनके द्वारा अपनी अनुपस्थिति के संबंध में स्वयं की बीमारी एवं माँ को चोट लग जाने का उल्लेख किया गया है।

मुख्यतः अपनी स्थिति से नियंत्री पदाधिकारी को अवगत नहीं कराने एवं मनमानी, अनुशासनहीनता तथा वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने के आरोप के आलोक में अपीलार्थी का संविदा नियोजन समाप्त किया गया है।

अपीलार्थी का कथन है कि ये बीमार थे, जिसके कारण ये अनुपस्थित रहे हैं। बीमारी के समर्थन में अपीलार्थी द्वारा चिकित्सीय साक्ष्य प्रस्तुत किया गया है एवं क्षमा याचना की गयी है।

पक्षो को सुनने, अभिलेख के अवलोकन तथा अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत चिकित्सीय साक्ष्य का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी मो0 फैजान हैदर (Emp. ID No.- AEN12028), संविदा समाप्त विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा प्रस्तुत चिकित्सीय साक्ष्य स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में भविष्य में इसकी पुनरावृति नहीं करने की चेतावनी के साथ निदेशालय आदेश संख्या 1972 दिनांक 02.05.2025 को रद्द करते हुए No work No Pay के आधार बंदोबस्त कार्यालय में योगदान की तिथि से इन्हें संविदा में पुर्ननियोजित करने का आदेश दिया जाता है।

(सी0 के0 अनिल)
प्रधान सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

ज्ञापांक :– 03/भू0अ0नि0 (7) अपील–05/2025....7306....... **पटना, दिनांक** :– 05/12/2025

प्रतिलिपि :– निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सी0 के0 अनिल)
प्रधान सचिव–सह–
अपीलीय प्राधिकार

बिहार सरकार

<u>राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग</u>

(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–05 / 2025 7306 **पटना, दिनांक** :– 05/12/2025

प्रतिलिपि :– मो0 फैजान हैदर (Emp. ID No.- AEN12028), संविदा समाप्त विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, गया को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

05/12/25

सरकार के उप सचिव

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–05 / 2025 7306 **पटना, दिनांक** :– 05/12/2025

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/12/25

सरकार के उप सचिव

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / भू0अ0नि0 (7) अपील–05 / 2025 7306 **पटना, दिनांक** :– 05/12/2025

प्रतिलिपि :– प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/12/25

सरकार के उप सचिव

भू–अभिलेख एवं परिमाप